इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 731

29 नवम्बर, 2012 को उत्तर के लिए

जापान और कोरिया से इस्पात का निर्यात किया जाना

731. श्री राम जेठमलानी:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि जापान और कोरिया मुक्त व्यापार समझौते के अंतर्गत भारत में इस्पात के निर्यात में वृद्धि कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो चालू वर्ष की प्रथम छमाही में उन देशों द्वारा भारत में निर्यात किए गए इस्पात की मात्रा कितनी है और यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में कितनी ज्यादा है; और

(ग) क्या इतनी बड़ी मात्रा में निर्यात देश में इस्पात उद्योग की वृद्धि को बाधित कर देगा ?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री बेनी प्रसाद वर्मा)**

(क) से (ग): जापान और कोरिया समेत सभी स्रोतों से फिनिश्ड स्टील का आयात वर्ष 2010-11 में 6.66 मिलियन टन से कुछ बढ़कर वर्ष 2011-12 में 6.83 मिलियन टन हो गया है जो कि 2.4 प्रतिशत की वृद्धि है।

वर्ष 2011-12 के दौरान देश में फिनिश्ड स्टील की वास्तविक खपत 73.42 मिलियन टन उत्पादन की तुलना में 70.92 मिलियन टन थी। तथापि, घरेलू आपूर्ति और मांग अथवा अन्यथा में किसी प्रकार की असमानता को दूर करने के लिए फिनिश्ड स्टील के आयात और निर्यात की भी अनुमति है।

****